हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंडला पहुँचने पर किया गया आत्मीय स्वागत

मण्डला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 अक्टूबर को तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में मंडला आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

200 करोड़ की लागत के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण

मण्डला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मंडला जिले में 260 करोड़ 62 लाख 38 हजार रुपये की लागत के 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं 200 करोड़ 2 लाख 38 हजार रुपये की लागत के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पित प्रमुख कार्यों में बिछिया एनएच-30 से सरई गेट मार्ग, लंबाई 8.90 किलोमीटर, लागत 17.0196 करोड़ रुपये, सांदीपनि शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बिछिया के भवन निर्माण कार्य की लागत 39.46 करोड़ रुपये, संयुक्त तहसील कार्यालय भवन निवास का निर्माण कार्य 7.9 करोड़ रुपये, सांदीपनि विद्यालय घुटास के निर्माण कार्य की लागत 33.15 करोड़ रुपये तथा सांदीपनि विद्यालय सागर, जिला मंडला के निर्माण कार्य की लागत 27.69 करोड़ रुपये शामिल हैं।

घुघरी और मोहगाँव को मिली महाविद्यालय की सौगात

अब जू के माध्यम से होंगे टाईगर के दीदार

*** 460 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के 74 विकास कार्यों का लोकार्पण।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मंडला केवल एक जिला नहीं, बल्कि वीरता, जनजातीय संस्कृति और नर्मदा सभ्यता का अद्भुत संगम है। गोंडवाना साम्राज्य की गौरवशाली विरासत, वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, गोंड एवं बैगा जनजातियों की समृद्ध संस्कृति और माँ नर्मदा का आशीर्वाद मंडला को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मंडला के महत्व को और अधिक व्यापक रूप से सामने लाने के लिए वे आने वाले समय में मंडला से जुड़े और भी महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण बिंदुओं को सामने रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंडला में आयोजित तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

तेंदूपत्ता संग्राहकों और वन समितियों को बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला की धरती पर आना सौभाग्य का विषय है। दीपावली का पर्व प्रदेशवासी उत्साह और उमंग के साथ मना सकें, इसी उद्देश्य से तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण किया जा रहा है। प्रदेश के 21 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को लगभग 149 करोड़ की बोनस राशि वितरित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार वनोपज संग्राहकों के हितों और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मंडला, डिंडौरी, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट जिले के 9 लाख 4 हजार 126 तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 की बोनस राशि 36 करोड़ 17 लाख 37 हजार 518 का वितरण किया जा रहा है। इसी प्रकार पूर्व सामान्य एवं पश्चिम सामान्य वनमंडल मंडला की 84 वन समितियों के 39 हजार 399 सदस्यों को वर्ष 2025-26 की 26 करोड़ 56 लाख 53 हजार 929 की काष्ठ लाभांश राशि वितरित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन आधारित अर्थव्यवस्था से जुड़े परिवारों को उनकी मेहनत का उचित लाभ मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है।



मंडला में बनेगा टाइगर सफारी जू और रेस्क्यू सेंटर - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की मांग पर मंडला में टाइगर सफारी-जू स्थापित करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंडला आने वाले पर्यटक यदि सफारी के दौरान बाघ का दीदार नहीं कर पाते हैं, तो जू के माध्यम से उन्हें बाघ सहित वन्यजीवों को देखने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही यहां वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। जिसमें घायल एवं बीमार वन्यप्राणियों का इलाज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे मंडला में पर्यटन को नई दिशा मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने घुघरी एवं मोहगांव में महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा करते हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ाने की बात कही। उन्होंने एमएसएमई के माध्यम से चार-चिरौंजी जैसे लघु वनोपज की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा भी की, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

मंडला में होगा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला में स्वास्थ्य क्षेत्र में विस्तार हेतु मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है तथा क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक के लिए 16.63 करोड़ की स्वीकृति का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडला की पहचान केवल इसके प्राकृतिक सौंदर्य से नहीं, बल्कि यहां की ऐतिहासिक विरासत, जनजातीय परंपराओं, कृषि, वन संपदा और मां नर्मदा से भी जुड़ी है। सरकार मंडला के इस बहुआयामी महत्व को विकास की नई दिशा से जोड़ते हुए जिले को आगे ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

भीख मांगकर 25 वर्षों से करा रहे सांई भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

25 वर्षों से सांई बाबा की सेवा में जुटे सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 अक्टूबर रविवार नवरात्रि बैठकी से 9 दिन के लिए मौन व्रत रखते हुए घर-घर जाकर भिक्षा ग्रहण करेंगे। यह उनके संकल्प का 26वां वर्ष है। किशोर रजक का कहना है कि भंडारा पूरी तरह श्रृद्धालुओं द्वारा भिक्षा में दी गई सामग्री एवं राशि से ही संपन्न किया जाता है। उनका संकल्प किसी से विशेष रूप से कुछ मांगने का नहीं बल्कि केवल भिक्षा स्वीकार कर उसी के माध्यम से भंडारा कराने का है। किशोर कहते हैं कि भक्त अपनी श्रृद्धा के अनुसार जो भी भिक्षा देंगे उसे स्वीकार किया जाएगा उन्होंने बताया कि अनेक भक्त उनसे पूछते हैं कि भंडारे के लिए क्या दिया जाए। इस पर उनका कहना है कि उन्हें केवल भिक्षा चाहिए। उनके अनुसार देने वाला भी परमात्मा है और लेने वाला भी परमात्मा वे स्वयं केवल एक माध्यम हैं। पिछले वर्षों में इस भंडारे की जानकारी जिले के अलावा कई राज्यों तक पहुंची है। विभिन्न राज्यों से ऑनलाइन माध्यम से भी भिक्षा राशि प्राप्त होती रही है। किशोर रजक ने श्रृद्धालुओं से अपने संकल्प में सहयोग करने और भिक्षा के माध्यम से सेवा कार्य में सहभागी बनने अपील की है। वही दशहरा के दिन भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी भोजन प्रसादी पाने सांई दरबार नर्मदा जी वार्ड पहुंचते हैं। बता दें कि किशोर रजक सांई बाबा की प्रतिमा को हाथ ठेले में विराजमान कर नौ दिन तक भिक्षावृति मांगा करते हैं। इस दौरान वे मौन उपवास भी रहा करते हैं।

कलेक्ट्रेट भवन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन



मण्डला। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मंडला जिले में 260 करोड़ 62 लाख 38 हजार रुपये की लागत से कुल 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इनमें मगरदा-बोदा-तिलहरी मार्ग, लंबाई 4.50 किलोमीटर, लागत 9.3985 करोड़ रुपये, खैरी-झुरकी-पौड़ी मार्ग में बुढ़नेर नदी पर पहुंच मार्ग सहित पुल निर्माण, लागत 14.52 करोड़ रुपये, शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज, लागत 16.78 करोड़ रुपये, नवीन एकीकृत कलेक्टर कार्यालय भवन मंडला, लागत 33.92 करोड़ रुपये, नवीन नर्सिंग कॉलेज मंडला, लागत 14.80 करोड़ रुपये, पुलिस लाइन मंडला में 12 एनजीओ एवं 48 आरक्षक आवास गृह निर्माण, लागत 12.54 करोड़ रुपये तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन निर्माण, लागत 4.11 करोड़ रुपये सहित सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विकास एवं अन्य अधोसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन सभी 47 कार्यों की कुल स्वीकृत लागत 260.62 करोड़ रुपये है।

राष्ट्र पिता पूज्य महात्मा गांधी जी की जयंती पर हुई शुरूवात



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

उत्कृष्ट हुआ सेवा संकल्प अभियान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिछिया में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालयीन स्टाफ में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के महत्व को समझाना था।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। विद्यालय के विभिन्न कक्षों, प्रांगण, खेल मैदान तथा आसपास के क्षेत्रों से कचरा एकत्र कर उचित स्थान पर उसका निपटान किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान में सहभागिता की और विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए अपने घर, विद्यालय तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया।

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित यह स्वच्छता अभियान विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल रही।

जिला स्तरीय शतरंज महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में आरडी कॉलेज मंडला बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय महाविद्यालय निवास द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शतरंज महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला की टीम ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉक्टर बेलवंशी जी निवास की गरीमामई उपस्थिति में किया गया, विजेता बनने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर टीपी मिश्रा, वरिष्ठ अध्यापक डॉक्टर बी टेंभरे, डॉक्टर एस एस ज्योतिषी, डॉक्टर डीके दुबे, डॉक्टर एस आर बघेल, डॉक्टर नसीम बानो, डॉक्टर पी एल झारिया,डॉक्टर सीमा धुर्वे, डॉक्टर के एल धुर्वे, डॉक्टर अंकिता बिसेन, डॉक्टर पी भांवरें तथा जिले के वरिष्ठ कीड़ा अधिकारी डॉ विवेक जायसवाल, डॉक्टर गुलबहार खान, डॉक्टर अनूप परिहार, डॉक्टर संदीप झारिया ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। पुरुष प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच बंहनीबंजर विरुद्ध भुआबिछिया के बीच खेला गया जिसमें बंहनीबंजर ने जीतकर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल मैच रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला विरुद्ध बंहनीबंजर के मध्य खेला गया जिसमें आर डी पीजी कॉलेज मंडला ने बंहनीबंजर को हराकर फाइनल जीतने का गौरव हासिल किया, वहीं महिला मुकाबले के फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय निवास का मैच पिछले वर्षों के विजेता रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के साथ हुआ। जिसमें निवास को परास्त ट्रॉफी पर पुनः कब्जा कर लिया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य रहे, फाइनल मैच के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बेलवंशी ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा आने वाले प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिए । रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के क्रीड़ा अधिकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच डॉक्टर गुलबहार खान ने दोनों टीमों को अच्छे खेल प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ संदीप झारिया ने प्रतियोगिता में आए सभी टीमों के खिलाड़ी, कोच तथा ऑफिशियल्स का आभार व्यक्त किया।

योजना | **मंडला में पान की खेती व दुग्ध सहकारी समितियों को सशक्त किया जायेगा।**

क्या फिर से गुलजार होंगे पान के बरेजे

*** स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला जिले में पान की खेती को विकसित किया जायेगा ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इसके साथ ही पशुधन संवर्धन व दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दुग्ध समितियों को सशक्त करने के लिए कहा ताकि दुग्ध उत्पादक किसानों को उचित लाभ मिल सके। इसके लिए गांव-गांव में दुग्ध सहकारी समितियां बनाई जाएंगी और किसानों को दूध का सही दाम दिलाया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी 1500 सुगम बस परिवहन सेवा प्रारंभ की गई है, आने वाले समय में गांव-गांव तक इसका विस्तार किया जायेगा, जिससे गरीबों को गांव से आने-जाने के लिए सरकारी बस और सार्वजनिक परिवहन की सेवा मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले शालाओं में ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या 14 प्रतिशत थी लेकिन अब सांदीपनि विद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थाएं बनने से ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या शून्य प्रतिशत हो गई है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जिले के 163 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत स्कूटी की चाबी सौंपी और यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट भी पहनाए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों, योजनाओं एवं गतिविधियों के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मंडला की पावन धरती पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आगमन जिलेवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ मंडला जिले में भी विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। आज तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण होने के साथ विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जा रहा है, जिससे जिले के विकास को नई गति मिलेगी।


उन्होंने कहा कि सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अधोसंरचना के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस का वितरण दीपावली के अवसर पर उनके जीवन में खुशियां लाने वाला कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंडला को विकास की महत्वपूर्ण सौगातें देने के लिए आभार व्यक्त किया।

सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार गरीब, किसान, श्रमिक, आदिवासी और जनजातीय समाज के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का वितरण सरकार की जनकल्याणकारी सोच का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि मंडला सहित पूरे क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। आज जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जा रहा है, उनसे आने वाले समय में जिले के विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंडला की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

भवान के ग्रामीणों ने गौठान से कब्जा हटवाने और एकमात्र निस्तारी तालाब को लीज से रोकने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



ग्राम पंचायत मेढ़ाताल के पोषक ग्राम भवान में ग्रामीण दोहरी मार झेल रहे हैं। कलेक्टर को शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों के अनुसार जहां चंद रसूखदार लोगों के द्वारा गोठान जैसे सार्वजनिक उपयोग के स्थानों पर जबरन कब्जा जमाए हुए हैं वहीं पर चंद आमदनी की लालच और रसूखदारों के दबाव में आकर ग्रामीणों की सुविधा को नजरंदाज कर चार गांवों के निस्तारी तालाब को ग्राम पंचायत ने लीज पर दे रखी है। जिसकी शिकायत कलेक्टर मण्डला को की गई है।देखना है,कि मण्डला कलेक्टर के द्वारा कब तक और कार्यवाही में क्या किया जाता है।

आवेदन में बताया है,कि खसरा नं. 14/1, 2, 35, 200, 205, 249, 251 और 242 रकबा 0.82 हे. का तालाब गौठान मद में है। इस पर भुवनेश्वर प्रसाद झारिया और उसके 5 बेटे गीनाराम [शिक्षक], चूरामणि, तरुण उर्फ टल्लू [डॉक्टर], श्रवण, गुलाब चंद ने कब्जा कर रखा है। 18/05/2025 को नायब तहसीलदार बिछिया ने 0.20 हे. पर बेदखली का आदेश दिया था, पर फिर कब्जा कर मछली पालन शुरू कर दिया। 26/05/25 को एस डी एम बिछिया और 01/06/25 को तहसीलदार को आवेदन दिया, जिस पर डेढ़ साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीण परेशान हैं।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सार्वजनिक उपयोग के लिए एकमात्र तालाब को भी पट्टे में दे दिया गया है।गांव में निस्तार का यह मात्र एक तालाब है, जिससे 3-4 गांव का निस्तार होता है। 2019 के पहले 10 साल पट्टे पर दिया तो पट्टाधारी के द्वारा मछली पालन के लिए गोबर डालने से पानी सड़ गया था। जून 2019 से लीज बंद थी। ग्रामसभा ने मई 2025 और मई 2026 में निस्तार में रखने का प्रस्ताव पास किया। 06/07/2026 को भी निवेदन दिया, फिर भी 2026 से 10 साल के लिए लीज पर दे दी गई। जिससे चार गांवों का निस्तार रुक गया है और चार गांवों के हजारों ग्रामीणों को निस्तारी पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा।

गौठान की जमीन से कब्जा हटाये जाने और तालाब का पट्टा निरस्त कर निस्तार के लिए रखे जाने शीघ्र कार्यवाही करने जनसुनवाई में ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है।

खबर संक्षेप



केबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह आम जनता से मुलाकात करते हुये परेशानियों का किया निदान

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। क्षेत्र की जनता अपने नेता से सिर्फ यही उम्मीद रखती है कि वह उनकी परेशानियों को सुनते हुये उनका निदान करे। इसी के चलते देखा जाता है कि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैविनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह आये दिन जनता के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुनने के साथ उनका निदान करने में पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस स्थानीय सेवा सदन, लक्ष्मी टाउनशिप में मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक उदय प्रताप सिंह ने जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों से पधारे गणमान्य नागरिकों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की गई। वही इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। इन समस्याओं में किसी ने सड़क तो किसी ने बिजली, पानी की समस्या बताई तो किसी ने शिक्षा और राजस्व से जुड़ी परेशानियों से अवगत कराया। आमजन की इन समस्याओं को लेकर मंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।केबिनेट मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनता की सरकार है। हमारा उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आमजन की समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनता की समस्याओं को संवेदन शीलता से सुनें और उनका त्वरित निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे जनता और शासन के बीच सेतु का कार्य करें और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, भाजपा मंडल के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गाडरवारा को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग के केबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह जी के अथक प्रयासों से गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। बताया जाता है कि मंत्री सिंह के प्रयासों से शासकीय महाविद्यालय गाडरवारा एवं शासकीय महाविद्यालय साईंखेड़ा में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए कुल 3 करोड़ 11 लाख 6 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। यह स्वीकृति उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय महाविद्यालय गाडरवारा के द्वितीय तल के विस्तार कार्य हेतु 141.36 लाख रुपया महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार (मेन गेट), एप्रोच रोड, बाउंड्रीवाल एवं गार्ड रूम के निर्माण हेतु 96.60 लाख रुपए व शासकीय महाविद्यालय साईंखेड़ा के लिए महाविद्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 73.10 लाख रुपए , दोनों महाविद्यालयों में 3 करोड़ 11.06 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाएंगे। इस स्वीकृति से दोनों महाविद्यालयों में अधोसंरचना सुदृढ़ होगी।

आदिवासी छात्रावास में ई- लाइब्रेरी के शुभारंभ अवसर पर पचास बिस्तरीय कन्या छात्रावास की प्रदान की गई सौगात

छात्राओं को बेहतर सुविधाएं देकर उनके सपनों को देंगे नई उड़ान- मंत्री सिंह









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

बेटी है तो कल है और बेटियों से ही देश आगे बढ़ेगा। हमारी बेटियों में अद्भुत क्षमता है, उन्हें सही अवसर और बेहतर मंच मिले तो वे देश और प्रदेश का नाम रोशन करने में पीछे नही रहती है। यह बात बीते हुये समय में देश की बेटियों ने खेल की दुनियों में वर्डकप पर कब्जा करने के साथ साथ देश की सेवा में जहां तहां बडे पदों पर आसीन रहते हुये साबित कर दिया गया है। यह बात प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सेवा संकल्प अभियान के तहत गाडरवारा स्थित आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास में आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए कही गई। इस मौके पर मंत्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में एक माह तक सेवा के विभिन्न अभियानों के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। क्षेत्र से लेकर जिले सहित प्रदेश में रक्तदान, पौधरोपण, महात्मा गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता कार्यक्रम, शासन की योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज छात्रावास की बेटियों से संवाद करने का अवसर मिला है। इस मौके पर मंत्री सिंह ने कहा कि देश की बेटियां आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। देश-विदेश में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में भारतीय बेटियां शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ा रही हैं। इस मौके पर उन्होने छात्रावास की छात्राओं को भी पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने तथा देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं देते हुसे मंत्री सिंह ने 50 बिस्तरीय कन्या छात्रावास



बनाने की घोषणा करते हुये एक बडी सौगात प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति सीनियर छात्रावास के भवन के लिए बीटीआई के पास स्थान उपलब्ध कराने की मांग रखी। छात्राओं की मांग पर मंत्री सिंह ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि बीटीआई परिसर में आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की संभावनाएं देखी जाएं। इस दौरान उन्होंने 50 बिस्तरीय कन्या छात्रावास के निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा मिलेगी और सभी बेटियां एक स्थान पर रहकर पढ़ाई, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में बेहतर तरीके से सहभागिता कर सकेंगी। इस उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच आकर उन्हें अपने छात्र जीवन की पुरानी स्मृतियां ताजा हो गईं। समय बहुत तेजी से निकलता है। इसलिए हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए। छात्राओं को पूरी मेहनत और ताकत के साथ पढ़ाई करनी चाहिए तथा अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मंत्री ने अपने संबोधिन में कहा कि हमें अपने माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करना चाहिए तथा किसी का अपमान नहीं करना चाहिए। बिना मेहनत के सफलता हासिल नहीं की जा सकती। निरंतर परिश्रम और लगन से किया गया प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाता है। मंत्री सिंह ने कहा कि हमेशा अच्छे कार्य करने वाले व्यक्तियों का अनुसरण करना चाहिए और उनसे अच्छी बातें सीखनी चाहिए। बच्चों में सीखने की अद्भुत क्षमता होती है। यदि उन्हें सही समय पर उचित मार्गदर्शन और अच्छा मंच मिल जाए तो वे जीवन में बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। मंत्री सिंह ने छात्राओं से स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई में आए बदलाव के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में एक साथ 10 हजार क्लास रूम को स्मार्ट क्लास में परिवर्तित किया जा रहा है। यह बदलते हुए भारत की तस्वीर है। जो संसाधन पहले उपलब्ध नहीं थे, आज वे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं। देश बदल रहा है और सरकार की काम करने की क्षमता भी लगातार बढ़ी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि बच्चों के अंदर मौजूद क्षमताओं को विकसित किया जाए। जो युवा अपना स्वयं का व्यवसाय या उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, उनके लिए स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आईटीआई को बढ़ावा देने के साथ ही तकनीकी संस्थानों की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लगातार विस्तार हुआ है। नए मेडिकल संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों की शुरुआत की गई है तथा देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई गई है। इन प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाएं आम नागरिकों के लिए और अधिक सुलभ हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी लगातार देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में एयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल एयर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराकर समय पर बेहतर उपचार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार हर स्तर पर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री उदय प्रताप सिंह ने आदिवासी छात्रावास में छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से छात्राओं को अध्ययन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से छात्राएं विभिन्न विषयों की अध्ययन सामग्री तक आसानी से पहुंच बना सकेंगी और अपनी पढ़ाई को और बेहतर कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से ई-लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया।पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। मंत्री सिंह ने छात्रावास परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण भी आवश्यक है। कार्यक्रम में मुकेश मरैया, राव संदीप सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, सुश्री कीरत सिंह गुर्जर, अरुण बढ़कुर, विशंकर राय, शुभम राजपूत, बंशीलाल अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती प्रगति वर्मा, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सुश्री निशा जैन, छात्रावास अधीक्षिका, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित





हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न जनपद पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। इस मौके पर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने जनपद पंचायत साईंखेड़ा में आयोजित शिविर में सहभागिता की गई। इसी प्रकार से तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने जनपद पंचायत चीचली में आयोजित शिविर में सहभागिता की। जनप्रतिनिधियों ने शिविरों में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को उनके नजदीक



ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करना रहा। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं, सेवाओं एवं पात्रता की जानकारी दी और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई की गई। सेवा सेतु अभियान के तहत बाबई चीचली एवं साईंखेड़ा विकासखंडों में नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बाबई चीचली में 901 तथा साईंखेड़ा में 804 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुये सैकड़ो छात्र छात्रायें

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। रविवार को क्षेत्र के शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त/स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में इस सत्र की कक्षा 8वीं में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन सुबह 10:45 बजे से क्षेत्र के साईंखेडा एवं चीचली विकासखंडों के परीक्षा केंद्रों पर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु साईंखेडा ब्लॉक के लिए बनाये गए परीक्षा केंद्र बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे 370 मे से 354 एवं सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेडा मे 127 मे से 122 छात्र छात्राओं ने शामिल होकर परीक्षा दी गई। इसी प्रकार चीचली ब्लॉक के लिए बनाए गए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 339 में से 306, शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 177 मे से 166 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव के केंद्र पर 156 मे से 154 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा में चयन उपरांत पात्र विद्यार्थियों को 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। परीक्षा हेतु निशुल्क ऑनलाइन आवेदन पहले ही भरवाए जा चुके थे। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सुबह 10:45 बजे से 12:30 तक मानसिक योग्यता परीक्षण एवं 12:30 बजे से 2:15 बजे तक शैक्षिक योग्यता परीक्षण के प्रश्नपत्र छात्र छात्राओं ने ओएमआर शीट पर हल किए। रविवार को सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे ने सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईखेड़ा, चीचली बीईओ वीरेंद्र



राजपूत ने शासकीय कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका एवं बीआरसी चीचली डी के पटैल ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। परीक्षा के आयोजन मे केंद्र अध्यक्षो प्राचार्य सुनीता पटेल, चंद्रकांत विश्वकर्मा, ए के रघुवंशी, भूपेश ठाकुर, आर सिउनिया एवं पर्यवेक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। परीक्षा मे अपने बच्चों को शामिल कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से अनेक ग्रामवासी परीक्षा शुरू होने के पहले ही केंद्रों पर आ गए थे। परीक्षा उपरांत केंद्रों से बाहर निकल रहे छात्र छात्राओं मे कही खुशी तो कही निराशा का माहौल देखा गया। ग्राम सांगई से बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे परीक्षा देने आये छात्र राघव केवट, हेमंत केवट, अंकिता धानक, दुर्गा केवट एवं रोशनी केवट ने बताया कि इस परीक्षा से नये अनुभव सीखने को मिले।

सोलह बोल की एक कहानी सुन महिलाओं ने भक्तिभाव से की महालक्ष्मी की पूजन



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। घरों को धनधान्य से पूर्ण करने का पर्व महालक्ष्मी पर्व पर कल शनिवार को अश्विन माह की अष्ठमी को शहर सहित क्षेत्र के गांवों की महिलाओं ने उत्साह, श्रद्वा के साथ महालक्ष्मी पर्व मनाया गया। बताया जाता है कि महालक्ष्मी पर्व के चलते बाजार में काफी चहल पहल दिखाई दे रही थी और नगर कं झंडाचौक पर ऐरावत हाथी पर सबार महालक्ष्मी की मिट्टी की प्रतिमाएं और पूजन सामग्री खरीदने वालों की भीड़ सुबह से उमड़ने की शुरूआत हो गई थी। वही शाम ढलने के बाद महिलाओं ने सजे अपने घर आंगनों में महालक्ष्मी, हाथी की मिट्टी की प्रतिमाएं स्थापित कर उनका पंचामृत से स्नान कराने के बद विधि विधान से पूजन कर सोलह बोल की कहानी का पाठ कर सुख समृद्वि, वैभव की देवी महालक्ष्मी की प्रतिमा के सामने 16 दीप जलाकर उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया तथा ब्राम्हणों को भोजन कर महालक्ष्मी व्रत का उद्वायापन किया। इस दौरान देखा गया कि महिलाओं ने पूजन करने पहुंचे विद्ववान

निःशुल्क उपचार शिविर में 119 मरीजों को मिला लाभ, वितरित की गई दवाईया







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। साई धामं मंदिर समिति कान्हरगाव के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये। हर माह के प्रथम रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस रविबार 86 वें कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित इस कैम्प में शहरों के साथ साथ अनेक गावों के लगभग 119 मरीजों ने अपना उपचार कराते हुये लाभ लिया। इस मौके पर सभी मरीजों को मौके पर ही युवाओं द्वारा निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। वही मेडीकल केंप को पालिथिन मुक्त रखते हुये सभी मरीजों को कागज के पाकिट एंव कपड़े के थेले में दवाईयां वितरित कि गयी। आयोजित इस मेडीकल कैम्प में महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर स्वाती कुरचानिया, डाक्टर अरूण दोहरे, डाक्टर संजय मोदी, डाक्टर करूणा मालवीय, डाक्टर दुर्गेश पटेल के आलवा सहयोगी, राहुल गिरी गोस्वामी, प्रशांत सोनी, नीलेश कुशवाहा, आकाश रजक सहित साई धांम मंदिर समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान कि गई। वही मेडीकल कैम्प में जबलपुर, रायसेन, साईखेड़ा, उदयपुरा, सालेचौका, गाडरवारा, बरेली, तेंदूखेड़ा, पनागर, सिगौठा, थलबाड़ा, सिंगपुर, बरेली, घूरपुर, मगरमुहा, कामती, दिघोरी, चौरास, देवरी, मिड़वानी, बड़ागाव, तलैया, महगवां के आलवाकान्हरगांव सहित अनेक गावों के मरीज उपस्थित रहे।



साईंखेड़ा में लगा सेवा सेतु अभियान, एक ही स्थान पर मिल रही जन कल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। नगर परिषद साईंखेड़ा में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 4 अक्टूबर 2026 दिन रविवार को "सेवा सेतु अभियान" का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना था। वही इस शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नगर परिषद साईंखेड़ा परिसर में किया जा रहा है।सेवा सेतु अभियान के माध्यम से नगर के नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारी, पंजीयन एवं आवश्यक कार्यवाही की सुविधा उपलब्ध कराई गई। वही शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड, रोजगार कार्ड (पंजीयन/सुधार), पीएम स्वनिधि योजना, उद्योग क्रांति (उद्यम पंजीयन), जन प्रमाण पत्र सहित वृद्धावस्था एवं पेंशन योजना तथा अन्य आवश्यक सेवाओं का लाभ दिया गया। अभियान के दौरान नागरिकों से आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की गई है। इनमें आधार कार्ड, समग्र आईडी, राशन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक (खाता संबंधी कार्य के लिए) सहित संबंधित योजना के लिए आवश्यक अन्य दस्तावेज शामिल थे।

खबर संक्षेप

वृद्धजनों का सम्मान कर दिलाई स्वच्छता की शपथ



अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में 4 अक्टूबर को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षाओं का संचालन किया गया। इसके उपरांत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम अंतर्गत वृद्ध सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर अमरपुर, समनापुर, अलोनी एवं नांदामाल से पहुंचे वृद्धजनों का नवांकुर संस्थाओं के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीफल एवं गमछा भेंट कर तथा तिलक लगाकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नवांकुर संस्थाओं के कार्यकर्ता, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के मेंटर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शहपुरा में आम आदमी पार्टी की संगठन विस्तार बैठक संपन्न, नवनीत कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



शहपुरा। आम आदमी पार्टी विधानसभा शहपुरा कार्यालय में आज जिला अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल कुमार साहू के नेतृत्व में संगठन विस्तार एवं नवनीत कार्यकर्ताओं के सम्मान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान पार्टी से जुड़े नवनीत कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिलाअध्यक्ष एडवोकेट निर्मल कुमार साहू ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, सदस्यता अभियान तथा विधानसभा क्षेत्र शहपुरा में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एड निर्मल कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष एड विनय झारिया, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, जिला सचिव प्रहलाद सिंह परस्ते, जिला संगठन मंत्री देवी प्रसाद साहू, जिला अध्यक्ष ओबीसी विंग घनश्याम कुशवाहा,जिला सोशल मीडिया प्रभारी शारदा नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी लीलाराम साहू, विधानसभा शहपुरा अध्यक्ष दिलीप झारिया, संगठन मंत्री मनोज मिश्रा, सचिव रामकुमार मानिकपुरी ,मेहदावानी ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सह सचिव मुन्नेद परस्ते, गेंद सिंह धुर्वे, युवा प्रभारी यशवंत साहू, सोशल मीडिया प्रभारी एवन संत, कार्यालय प्रमुख संदीप झारिया, सुरेश धुर्वे, रोहित साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने तथा क्षेत्र की जनता के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

भाजपा में संगठनात्मक बदलाव और जनसेवा पर जोर देने की मांग

डिंडौरी। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कामकाज और सरकार की कार्यप्रणाली को अधिक जनोन्मुखी, जवाबदेह एवं परिणाम आधारित बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ता सम्यक जैन ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब को 25-सूत्रीय सुझाव पत्र भेजा है। पत्र में संगठन और सरकार के स्तर पर कई व्यावहारिक बदलाव सुझाए गए हैं। इनका उद्देश्य जमीनी स्तर पर जनता से निरंतर संवाद स्थापित करने और शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर केंद्रित है।

सेवा सेतु अभियान में ग्रामीणों की कम मौजूदगी में 450 में से 218 आवेदनों का मौके पर निराकरण

प्रचार-प्रसार के अभाव के आरोप, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी के बीच खाली रहा पंडाल





अमरपुर।

विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार 2026 का आयोजन ग्राम पंचायत अमरपुर स्थित नर्मदा मंदिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए और जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी रही, लेकिन ग्रामीणों की अपेक्षाकृत कम उपस्थिति ने आयोजन की व्यवस्थाओं और प्रचार-प्रसार को लेकर सवाल खड़े कर दिए।

गांवों में प्रचार-प्रसार की कमी से नहीं पहुंचे ग्रामीण

अमरपुर विकासखंड में 43 ग्राम पंचायतें हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अभियान को लेकर गांव-गांव पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किया गया, जिसके चलते कार्यक्रम में अपेक्षित संख्या में ग्रामीण नहीं पहुंच सके। कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी अधिक नजर आई, जबकि लाभ लेने वाले ग्रामीणों की संख्या सीमित रही।ग्रामीणों का कहना है कि यदि सभी पंचायतों से पर्याप्त संख्या में लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी जाती तो बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और आवेदन लेकर पहुंच सकते थे।

सीमित स्थल पर आयोजन को लेकर भी उठे सवाल

ब्लॉक स्तरीय आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना के बावजूद कार्यक्रम के लिए सीमित स्थान का चयन किए जाने पर भी सवाल उठे। कार्यक्रम में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जनपद अध्यक्ष हन्नू सिंह पट्टा, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम मरावी, जनपद सदस्य मालती तिवारी एवं रामकिशोर ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, भाजपा महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार साहू और सरपंच रामनाथ उइके सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।प्रशासन की ओर से एसडीएम रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, सीईओ लोकेश नारनौरे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बावजूद कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की उपस्थिति कम दिखाई दी।

नल-जल योजना को लेकर ग्रामीणों ने उठाई शिकायत

कार्यक्रम के दौरान ग्राम झरनाघुघरी के ग्रामीणों ने नल-जल योजना में कथित अनियमितताओं और बोर की कम गहराई के कारण पानी उपलब्ध नहीं होने की शिकायत की। वहीं ग्राम सक्का के ग्रामीणों ने भी नल-जल योजना का लाभ नहीं मिलने की समस्या अधिकारियों के सामने रखी।ग्रामीणों ने बताया कि कई गांवों में नल-जल योजना की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इस पर पीएचई विभाग के अधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर आवश्यक सुधार कार्य कराने का आश्वासन दिया।

450 आवेदन मिले, 218 का मौके पर निराकरण

अभियान के दौरान पंचायत, आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, पशु चिकित्सा, कृषि, राजस्व, पीएचई और ऊर्जा विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में कुल 450 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 218 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शेष 232 आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजने की बात कही गई।ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता और संबंधित विभागों की ओर से शिकायतों के त्वरित निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित होती, तो कार्यक्रम का लाभ अधिक लोगों तक पहुंच सकता था।

साइबर ठगी से बचाव के लिए शहपुरा में जागरूकता अभियान, 1930 पर शिकायत की दी जानकारी



शहपुरा- सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार रविवार को शहपुरा में साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।अभियान के दौरान नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सावधानियों की जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम कार्ड नंबर, एटीएम पिन एवं सीवीवी नंबर साझा न करें। क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करते समय पूरी जानकारी सत्यापित करने तथा अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने की अपील की गई।साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन/वेरिफिकेशन शुरू करने की सलाह दी गई, ताकि साइबर ठगी और सोशल मीडिया अकाउंट हैक होने की घटनाओं से बचा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती, एसडीएम फरहान इरफान जमादार, तहसीलदार आरपी मार्को, शहपुरा थाना प्रभारी अनुराग जामदार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता, समाजसेवी राजेश सोनी, पत्रकार बंधु सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं करीब 120 लोग उपस्थित रहे।

संगठन के समन्वय से अमेरा में निर्विरोध सरपंच का चुनाव, संतोष धूमकेतु का हुआ भव्य स्वागत



शहपुरा- जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा में सरपंच पद के निर्वाचन की प्रक्रिया सर्वसम्मति से संपन्न हुई। भाजपा मंडल शहपुरा के कार्यालय मंत्री एवं शक्ति केंद्र अमेरा निवासी संतोष धूमकेतु निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए। उनके निर्विरोध निर्वाचन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार सरपंच पद के लिए दो अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था। इसके बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती के नेतृत्व एवं विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मार्गदर्शन में दोनों अभ्यर्थियों के बीच संवाद एवं आपसी सहमति बनाने के प्रयास किए गए। चर्चा और समन्वय के बाद चुनावी प्रक्रिया को सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया और संतोष धूमकेतु निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए।इस पूरी प्रक्रिया में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबा ठाकुर एवं विनय गुप्ता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगठनात्मक समन्वय और आपसी संवाद के चलते मतदान की स्थिति निर्मित नहीं हुई और सर्वसम्मति से सरपंच का निर्वाचन संपन्न हुआ।

निर्विरोध सरपंच निर्वाचित होने के बाद 3 सितंबर को भाजपा मंडल शहपुरा के कार्यकर्ताओं ने संतोष धूमकेतु का फूल-मालाओं एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए अमेरा ग्राम पंचायत के विकास एवं जनहित में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई।स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, किसान मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन झरिया, तुलसीदास गुप्ता, नितिन गुप्ता, हीरेंद्र मरावी, मंडल अध्यक्ष मानिकपुर रामकुमार, सरपंच मुकेश गुप्ता सहित भाजपा के वरिष्ठ एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने संतोष धूमकेतु के निर्विरोध निर्वाचन को संगठन की एकजुटता, आपसी समन्वय और संवाद का परिणाम बताया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती के नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को आगे भी मजबूती प्रदान की जाएगी।

नवरात्रि पर्व को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां शुरू, सर्वसम्मति से चुनी गई नई कार्यकारिणी



शहपुरा। नगर के प्रमुख धार्मिक आस्था केंद्र मां शारदा टेकरी मंदिर में आगामी नवरात्रि पर्व के आयोजन को लेकर मां शारदा टेकरी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। साथ ही आगामी नवरात्रि पर्व को भव्य एवं धूमधाम से मनाने को लेकर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।बैठक के प्रथम चरण में बसंत गुप्ता की अध्यक्षता में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बसंत गुप्ता एवं मोहनलाल अवधिया को संरक्षक तथा इंजी. सतीश राय को अध्यक्ष चुना गया। वहीं रवि साहू उपाध्यक्ष, अमर कुमार साहू सचिव, डॉ. भरत सोनी कोषाध्यक्ष एवं निखिल गुलवानी सहसचिव बनाए गए।समिति में सोनेलाल विश्वकर्मा (पंडा), महेंद्र सोनी 'मद्धू' (सहायक), गगन साहू एवं कैलाश विश्वकर्मा (व्यवस्थापक), भारत पंजवानी एवं विकास सोनी (सहव्यवस्थापक) तथा गजेंद्र द्विवेदी (पुजारी) को जिम्मेदारी सौंपी गई।कार्यकारिणी सदस्यों में राजेश सोनी, डॉ. अनंत गोलदार, डॉ. राजीव साहू, पवन अग्रवाल, प्रदीप विश्वकर्मा, राघुवेंद्र सोनी, प्रहलाद साहू, संजय सोनी, मुकेश अवधिया (लालू), ब्रजेश साहू बांकी, हरकिशन तेजवानी, नवीन विश्वकर्मा एवं अंकित गुप्ता शामिल हैं।

बैठक के दौरान आगामी नवरात्रि पर्व 2026 को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति सदस्यों ने धार्मिक कार्यक्रमों, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आयोजन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया।इसके साथ ही नवरात्रि के दौरान मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक के समापन पर समिति के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

खेती की जमीन तक पहुंचने रास्ता नहीं, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार



शहपुरा। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत रंगांव के ग्रामीण खेतों तक आवागमन के लिए रास्ते की मांग को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे। ग्रामीणों ने शहपुरा एसडीएम को मांग पत्र सौंपकर करीब 200 से 250 एकड़ कृषि भूमि तक आवागमन के लिए उचित रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि खेतों तक पहुंचने के लिए वर्तमान में पर्याप्त मार्ग उपलब्ध नहीं है। रास्ते की समस्या के कारण किसानों को खेती-किसानी के कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैक्टर, कृषि उपकरण और मवेशियों को खेतों तक ले जाने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों के अनुसार आवागमन का समुचित रास्ता नहीं होने से कई किसान अपनी कृषि भूमि पर सुचारू रूप से खेती नहीं कर पा रहे हैं।

नहर किनारे 8 फीट चौड़े रास्ते की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से नहर के किनारे करीब 8 फीट चौड़ा रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे ट्रैक्टर सहित अन्य कृषि वाहन आसानी से खेतों तक पहुंच सकेंगे और कृषि कार्य समय पर किया जा सकेगा।ग्रामीणों के मुताबिक रास्ते की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि वे अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हैं और आवागमन की सुविधा के अभाव में उनकी कृषि गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले का स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जांच कराने तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई करते हुए खेतों तक पहुंचने के लिए रास्ते की व्यवस्था कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि मार्ग उपलब्ध होने से करीब 200 से 250 एकड़ कृषि भूमि पर खेती करना आसान हो जाएगा और उन्हें लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिल सकेगी।

सेवा सेतु अभियान में एक ही मंच पर सुनी गईं जनसमस्याएं

शहपुरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के दोनों नगरीय क्षेत्रों में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में शिविर का आयोजन आनंदम दीदी कैफे में हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और आमजन की समस्याएं सुनी गईं। साथ ही नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। मौके पर निराकरण योग्य समस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया।शिविर में डिंडौरी एसडीएम रामबाबू देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है। सेवा सेतु शिविर का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराकर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर संभव है, उनका तत्काल समाधान किया जाए। आगामी त्यौहारों को देखते हुए नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनसेवा के प्रति संकल्पित होकर कार्य करना है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी आमजन तथा शासन के बीच सेतु की भूमिका निभाएं, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुगमता और शीघ्रता से हो सके। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने तथा मौके पर निराकृत नहीं हो सकने वाले प्रकरणों का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की बात कही।

2,550 आवेदन प्राप्त, 2,321 का त्वरित निराकरण

सेवा संकल्प अभियान के तहत 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित सेवा सेतु शिविरों में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल की गई। 3 अक्टूबर को जिले के सभी विकासखंडों में आयोजित शिविरों में करीब 2,400 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,321 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का संबंधित विभागों के माध्यम से समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।वहीं 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में करीब 150 आवेदन प्राप्त हुए। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया।



हितग्राहियों को मौके पर मिला योजनाओं का लाभ

सेवा सेतु अभियान के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। जल प्रदाय योजना के तहत 7 हितग्राहियों को नल कनेक्शन, राजस्व विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों के नामांतरण तथा 5 हितग्राहियों को प्रॉपर्टी आईडी का लाभ दिया गया।प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 5 हितग्राहियों को 15-15 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। इसी प्रकार 5 हितग्राहियों को संबल कार्ड, 5 को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र तथा बीएलसी (लाभार्थी आधारित आवास निर्माण) योजना के तहत 10 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

करंजिया शिविर में 573 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

सेवा संकल्प अभियान के तहत 3 अक्टूबर को विकासखंड करंजिया के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 573 लोगों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।पंजीकृत लोगों में 30 वर्ष से अधिक आयु के 217 पुरुष और 190 महिलाएं शामिल रहीं। इसके अलावा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 21, 5 से 18 वर्ष के 34 तथा 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के 111 लोगों का पंजीयन किया गया।शिविर में 407 लोगों की ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर जांच, 117 लोगों की एनीमिया तथा 50 लोगों की सिकल सेल जांच की गई। गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच के साथ आवश्यक विटामिन एवं अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इसके अलावा 120 लोगों की विभिन्न जांच तथा 135 लोगों की खखार एवं एक्स-रे जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 फूड बास्केट का वितरण भी किया गया।

आंखों की जांच के बाद 109 हितग्राहियों को चश्मे वितरित

शिविर में 117 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें आवश्यकतानुसार 109 हितग्राहियों को चश्मे वितरित किए गए। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ दिलाने के साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।शिविर के दौरान 3 संस्थागत प्रसव दर्ज किए गए। वहीं जन्मजात विकृति एवं दिव्यांगता से संबंधित 3 प्रकरण सामने आए, जिन्हें आवश्यक उपचार के लिए रेफर किया गया।सेवा सेतु शिविर के माध्यम से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं, स्वास्थ्य जांच, परामर्श और आवश्यक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

खबर संक्षेप

मनाया जल अर्पण दिवस, ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प



करेली। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को विकासखंड करेली के ग्राम सिमरिया मोहरस में ग्रामसभा के अंतर्गत जल अर्पण दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नल-जल योजना के उचित संचालन, पेयजल स्त्रोतों के रखरखाव और जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जल बंधन एवं जल वंदना के तहत गांव में क्रियान्वित नलों को पुष्पों से सजाया गया। ग्रामीण महिलाओं एवं सरपंच द्वारा नल की पूजा-अर्चना कर जल के प्रति सम्मान एवं संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नल-जल योजना का ग्राम पंचायत को हस्तांतरण किया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने जल संकल्प लेते हुए ट्यूबवेल, उच्च स्तरीय टंकी सहित अन्य पेयजल स्त्रोतों के नियमित रखरखाव, पेयजल को सुरक्षित रखने तथा जल स्त्रोतों को साफ-सुथरा बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में हर घर जल योजना के तहत गांव में पहुंच रहे नल-जल की उपलब्धता को लेकर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ उत्सव मनाया। पंचायत सचिव, सरपंच एवं ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में सरपंच, पंचायत सचिव, पंप ऑपरेटर, आशा कार्यकर्ता सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री सुनील परतेती, उपयंत्री माधुरी यादव, विकासखंड समन्वयक अनामिका श्रीवास्तव, हैंडपंप टेक्नीशियन नीलेश वैद्य एवं अमित चढ़ार उपस्थित रहे।

जुआ फड़ पर दबिश

छिंदवाड़ा। चौकी उमरानाला पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुआ फड़ पर दबिश देकर 10 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से 5200 रुपए नकद सहित पांच मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।

जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के तहत नगरीय निकायों में आयोजित हुए शिविर













जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ किए गए वितरित
4 हजार 161 आवेदन प्राप्त, 3 हजार 80 आवेदनों का निराकरण किया गया

नरसिंहपुर। अक्टूबर 2026. सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार के अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविरों में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। अभियान के तहत नगर परिषद चीचली, तेंदूखेड़ा, सांईखेड़ा, सालीचौका तथा नगर पालिका परिषद करेली, गाडरवारा, गोटेगांव एवं नरसिंहपुर में कुल 4 हजार 161 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 3 हजार 80 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिले में आयोजित सेवा सेतु- संकल्प अभियान के तहत विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल नगर परिषद तेंदूखेड़ा, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश नगर पालिका परिषद गोटेगांव और पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर, करेली व गोटेगांव में शामिल हुए। इसके अलावा नगर परिषद व नगर पालिका परिषदों में स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने मौके पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ देकर हितग्राहियों को लाभांवित किया। इस दौरान उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश दिए। तेंदूखेड़ा में आयोजित शिविर में विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने सहभागिता की। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार लगातार नागरिकों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। शासन द्वारा विभिन्न वर्गों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में लगभग 250 नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता- विधायक महेन्द्र नागेश- नगर परिषद गोटेगांव में आयोजित सेवा सेतु शिविर में विधायक श्री महेन्द्र नागेश ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान शासन की योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं को आमजन के नजदीक पहुंचाने की महत्वपूर्ण पहल है। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिल रही है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र नागरिक इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य सरकार और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

सरकार अंत्योदय के विचार पर कर रही कार्य- पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल- पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नगरीय निकायों में विभिन्न अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से नागरिकों के पक्के आवास के सपने को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविरों में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का तत्परता से निराकरण किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय के विचार पर कार्य कर रही है। समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे नागरिक तक शासन की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का संकल्प है। सरकार बिना किसी भेदभाव के पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविरों का उद्देश्य यही है कि शासन की योजनाओं से वंचित नागरिकों को योजनाओं से जोड़ा जाए तथा उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा सके।

नरसिंहपुर में 650 नागरिकों का हुआ निराकरण- नगरीय निकाय नरसिंहपुर में आयोजित शिविर में लगभग 650 नागरिकों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, श्री रामसनेही पाठक, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अजीत ठाकुर, श्रीमती निशा सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

करेली में नागरिकों के आवेदनों का किया गया निराकरण- करेली में आयोजित सेवा सेतु अभियान के तहत नागरिकों के आवेदनों का निराकरण कर विभिन्न हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। एक अन्य कार्यक्रम में 780 नागरिकों के आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैलाश सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, श्री रामसनेही पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

नगरीय निकायों में 4 हजार 161 आवेदन प्राप्त- सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद चीचली में 316, तेंदूखेड़ा में 358, सांईखेड़ा में 498, सालीचौका में 320, नगर पालिका परिषद करेली में 843, गाडरवारा में 646, गोटेगांव में 313 तथा नरसिंहपुर में 867 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार नगरीय निकायों में कुल 4 हजार 161 आवेदन प्राप्त हुए।

शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की। सेवा सेतु अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने, उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने तथा नागरिकों को शासकीय सेवाएं सहज एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

आयुष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 290 नागरिकों को मिला स्वास्थ्य लाभ- सेवा सेतु अभियान- सरकार आपके द्वार के अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में लगाए गए शिविरों के माध्यम से 290 नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में आयुष चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों द्वारा नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने नागरिकों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी स्टॉलों का अवलोकन भी किया।



30 बच्चों में बांटे फल, मिठाई और शिक्षा सामग्री

गोटेगांव।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय द्वारा अनूठी पहल की गई। महाविद्यालय परिवार ने नेहरू वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ खुशियां साझा की।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के लगभग 30 बच्चों को फल, मिठाई, बिस्किट एवं कॉपी-पेंसिल सहित शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों को उपहार मिलते ही केंद्र में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी आने, साफ-सफाई रखने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना है।इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, एनएसएस स्वयंसेवक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

एनएमएमएस परीक्षा में 3474 विद्यार्थी शामिल
14 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई छात्रवृत्ति चयन परीक्षा





नरसिंहपुर। भारत सरकार की राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों की चयन परीक्षा जिले के 14 केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा के लिए पंजीकृत 3694 परीक्षार्थियों में से 3474 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जो 94.04 प्रतिशत उपस्थिति रही, जबकि 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा के मार्गदर्शन में सभी केंद्रों पर ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, केंद्राध्यक्ष, बीएसी, जनशिक्षक एवं शिक्षकों ने परीक्षा व्यवस्था में सक्रिय सहयोग किया तथा परीक्षार्थियों को अनुक्रमांक के अनुसार बैठक व्यवस्था में मार्गदर्शन दिया।

समन्वय संस्था उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि एनएमएमएस का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं के बाद पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक शिक्षा जारी रखने के लिए प्रतिवर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। परीक्षा उपरांत जिले के सभी 14 परीक्षा केंद्रों की उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल समन्वय संस्था उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, डॉ. अशोक उदेनिया, एन.एस. रघुवंशी, समीर कुरचनिया एवं दीपक पटेल की उपस्थिति में जमा किए गए। एनएमएमएस जैसी पहल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी बच्चों के लिए शिक्षा की राह आसान बनाने के साथ उनके सपनों को नई उड़ान देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

निजी स्वार्थों को लिये खोद डाली सड़क



तेंदूखेड़ा। आवागमन की दिशा में सड़कें महत्वपूर्ण विषय है। वहीं अपने निजी स्वार्थ के लिए सड़क खोदकर डाल देने से आवागमन करने वाले किसानों ने रोष व्यक्त किया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर ढिलवार और मदनपुर के बीच सर्रा बंधी जाने वाले सड़क मार्ग पर एक खेत में पानी भरा होने के कारण पानी निकालने के लिए किसान ने प्रधानमंत्री सड़क ही खोदकर डाल दी जिसे लेकर अन्य किसानों ने आपत्ति जताई है। किसानों का कहना है कि इस मार्ग से ही सर्रा बंधी सहित अन्य गांवों के लोगों का आवागमन भी रहता है।कुछ समय बाद ही गन्ना उपज को लेकर किसान गन्ना मिलों को लेकर जायेंगे। सड़क खुद जाने के कारण टेक्ट्रर ट्राली पलटने की आशंका बनीं रहती है। वैसे भी यहां से ट्रेक्टर ट्राली मोड़ने को लेकर किसानों को परेशानी हुआ करती है।एन एच आई वालों ने इस सड़क को बंद कर दिया है। पूर्व में सीधी ट्राली निकालने और मोड़ने की सुविधा थी लेकिन अब इसे बंद कर दिया गया है।

सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों से आत्मीय संवाद कर किया सेवा कार्य







नरसिंहपुर, 04 अक्टूबर 2026. सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड करेली एवं चांवरपाठा के अंतर्गत सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान, संवेदना एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृद्धाश्रम बरमानकलां का भ्रमण किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक भी मौजूद थे। आयोजित इस सेवा कार्य के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों से आत्मीय संवाद किया गया तथा उनका कुशलक्षेम जाना गया।

उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वरिष्ठजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वरिष्ठजनों को फल एवं वस्त्र भेंट किए गए। साथ ही सभी वरिष्ठजनों को मच्छरदानियां भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठजनों के साथ समय बिताया और उनके जीवन के अनुभवों को आत्मीयता से सुना। छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठजनों से संवाद कर उनके जीवन से जुड़े अनुभवों एवं संघर्षों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सभी ने वरिष्ठजनों के साथ भजन-कीर्तन में भी सहभागिता की और उनके साथ आत्मीय वातावरण में समय बिताया। इस सेवा कार्य के माध्यम से छात्र-छात्राओं में वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि वरिष्ठजन समाज की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। उनके अनुभव और जीवन की सीख नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी हैं। उनके सुख-दुःख में सहभागी बनना और आवश्यकता के समय सहयोग प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान एवं संवेदना की भावना को और मजबूत करने तथा समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। वृद्धाश्रम में आयोजित इस आत्मीय कार्यक्रम से वरिष्ठजनों के चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई दी और सेवा एवं अपनत्व का भावपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ।

सजने लगे माता रानी के पंडाल 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा शारदीय नवरात्रि

तेंदूखेड़ा। आगामी 11अक्टूबर से शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रहा है।जिसकी तैयारियों के लिए लेकर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में माता रानी की स्थापना के लिए दुर्गोत्सव समीतियों के द्वारा प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। जगह-जगह माता रानी के पंडाल बनाये जाने लगे हैं।नवयुवक अपने अपने स्तर से विशेष साज सज्जा में संलग्न देखे जा रहे हैं।उधर दुर्गा समीतियों की बैठकों का दौर जारी बना हुआ है। जिसमें तरह तरह के निर्णय लेकर दुर्गोत्सव को धूमधाम से मनाये जाने की रुपरेखा तैयार की जा रही है।

मूर्तियों को दिया जा रहा अंतिम रुप

मूर्ति कार भी माता रानी की आकर्षक प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। तेंदूखेड़ा से आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाएं जाती हैं। जबकि तेंदूखेड़ा की समीतियां बाहर बड़े बड़े शहरों से प्रतिमायें लेकर आते हैं।अभी तक जबलपुर नरसिंहपुर करेली आमंगाव से प्रतिमायें आती रहीं हैं।इस बार कुछ समीतियां दमोह से विशाल प्रतिमा ला रहे हैं। वहीं तेंदूखेड़ा में एक स्थान पर महाकाली की प्रतिमा विराजित की जाती है।जिसकी भी





विशेष तैयारी व्यवस्थापकों द्वारा की जा रही है।

हो रही विशेष साज सज्जा

नगर के प्रतिष्ठित देवी मठों में विशेष साज सज्जा की जा रही है। मुख्य रूप से प्रतिष्ठित सिद्ध पीठ हरसिद्धि मंदिर सिंह बाहिनी मंदिर बीजासेन मंदिर काली मठ और खेरापति मंदिरों में श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में पहुंचा करते हैं। यहां पर विद्युत साज सज्जा के मठों में कलश स्थापना और अखंड ज्योति अनुष्ठान हुआ करते हैं। विद्वान पंडितों द्वारा अपने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी गई है।

होगी विशाल प्रतिमा विराजमान

नगर में मुख्य रूप से दस स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं विराजित की जाती है। और विविध धार्मिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ करते हैं।इसी श्रंखला के चलते कृषि उपज मंडी समीति द्वारा इस वर्ष दमोह जिले से विशाल प्रतिमा बुलाई जा रही है। वहीं नगर के गांधी चौक नगरिया मंदिर नायक मंदिर टाल मुहल्ला पी डब्ल्यू डी कालौनी वार्ड क्रमांक 11 एन एच 45 नटराज हरसिद्धि मंदिर कल्याण बाबा सहित बागदाने दुर्गा मंडल द्वारा काली माई की स्थापना की जायेगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जुटेंगे बच्चे

माता रानी की साधना आराधना में लगभग हर वर्ग के लोग अपने अपने स्तर से संलग्न रहा करते हैं।उसी श्रंखला में नगर की गांधी चौक नव दुर्गोत्सव समिति के द्वारा नगर की सभी शैक्षणिक संस्थाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

महाआरती की प्रथम
वर्षगांठ पर उमड़ा जनसैलाब

गोटेगांव।

मां नर्मदा तट स्थित झांसी घाट पर प्रतिदिन होने वाली मां नर्मदा आरती की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश मुख्य रूप से शामिल हुए और मां नर्मदा का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।श्री मां रेवा सेवा समिति के तत्वावधान में झांसी घाट पर विगत 11 माह से अनवरत प्रतिदिन शाम 7 बजे मां नर्मदा की महाआरती पूर्ण विधि-विधान से की जा रही है। देखते ही देखते यह घाट क्षेत्र के सबसे बड़े आस्था केंद्र के रूप में स्थापित हो गया है। आरती के समय नर्मदा तट पर शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा



वातावरण भक्तिमय हो जाता है। विधायक महेंद्र नागेश ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति से जुड़ती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस निरंतर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में समिति के सक्रिय सदस्य अरविन्द पटेल सम्राट मिश्रा, संतोष वर्मन, रूपेन्द्र नामदेव, गोपाल मल्लाह, अनिल वर्मन अरविन्द तोमर, उदित मिश्रा, आदि पूरी निष्ठा के साथ व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।